**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**बुधवार 01.05.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :—**

- प्रदेश के जलस्रोतों, धाराओं और नदियों के पुनर्जीवीकरण के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना उपलब्ध कराने को कहा।
- राज्य के जंगलों में आग पर नियंत्रण पाने के लिए केन्द्र सरकार ने 100 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की।
- चारधाम यात्रा की तैयारियों को परखने के लिए कल मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।
- इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह दो लाख दस हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा।
- भारतीय सेना ने हेमकुण्ड साहिब यात्रा पैदल मार्ग के चार किलोमीटर हिस्से से बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू की।

**नाराजगी**

उत्तराखंड में जलस्रोतों, धाराओं और नदियों के पुनर्जीवीकरण के संबंध में जिलों से कार्ययोजना प्राप्त न होने पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने जिलाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर इसके लिए कार्ययोजना उपलब्ध कराने का समय दिया है। मुख्य सचिव ने जिला स्तर पर तत्काल एक पूर्णकालिक जलागम नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि मनेरगा, नाबार्ड और कैम्पा जैसे माध्यमों से धन के उपयोग के संबंध में बैठक की जाएं। जिलाधिकारियों को जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत प्रत्येक विकास खण्ड में 10 सूख रही जलधाराओं और जिले में 20 सूख रही जलधाराओं—सहायक नदियों के चिह्नीकरण को कहा गया है। मुख्य सचिव ने मैदानी जिलों में सूख चुके तालाबों के चिह्नीकरण और उनके पुनर्जीवीकरण के लिए भी कार्ययोजना बनाने को कहा है।

**वनाग्नि**

राज्य में वनाग्नि की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार ने 100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। उत्तराखंड आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा ने बताया कि उत्तराखंड में जंगलों में विभिन्न स्थानों पर आग लगने की घटनांए सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से स्वीकृत इस धनराशि से राज्य के जंगलों में लगी आग पर काबू पाने में सहायता मिलेगी।

**निलंबन**

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक एस.एल पैट्रिक को शासन द्वारा निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में अपर सचिव लक्ष्मण सिंह द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन पर एक निजी व्यक्ति द्वारा शासकीय कार्य के लिए लेन–देन व प्रलोभन के गंभीर आरोप लगाये गये हैं। निलंबन आदेश में कहा गया है कि पैट्रिक द्वारा चैट के माध्यम से प्रतिउत्तर में किसी प्रकार का कोई खंडन अथवा विरोध किया जाना परिलक्षित नहीं हुआ है। व्हाट्सप चौट से पैट्रिक की एक निजी व्यक्ति से मिलीभगत, शासकीय गोपनीयता भंग करने तथा पद का अनावश्यक दुरूपयोग किया जाना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ है।

**भर्ती**

एयरफोर्स स्टेशन चण्डीगढ़ में मेडिकल असिस्टैंट कैडर की भर्ती तीन से 12 जुलाई के बीच आयोजित की जाएगी। सार्जेंट दीपक केशरी के नेतृत्व में आज पौड़ी जिले के राजकीय इंटर कालेज कंडारा, जीआईसी पौड़ी नगर व जीजीआईसी पौड़ी में भर्ती की जानकारी दी गई। परमानेंट कैडर की इस भर्ती में मेडिकल असिस्टेंट पद के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान के साथ बारहवीं पास और बीएससी फार्मेसी वाले अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। 12वीं पास अभ्यर्थी का जन्म दो जनवरी 2004 से दो जनवरी 2008 के बीच और बीएससी फार्मेसी का जन्म 25 फरवरी 2001 से 25 जनवरी 2004 के बीच होना चाहिए। भर्ती रैली में केवल पुरूष अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकेंगे।

**कार्रवाई**

राज्य में नशे के विरूद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में उत्तरकाशी पुलिस ने थाना धरासू क्षेत्र में अवैध नशे की खेती पर कार्रवाई की। इस दौरान बनचौरा क्षेत्र के बनाड़ी गांव के गडगुलिया व भौतांण तोक में छापेमारी की गयी और करीब 133 नाली भूमी पर अवैध रूप से उगाई गई अफीम की खेती को नष्ट किया गया। साथ ही अफीम की पैदावार करने वाले 12 भूस्वामियों के विरुद्ध थाना धरासू में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गौरतलब है कि उत्तरकाशी जिले में पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई कर रही है। साथ ही नशे की चपेट में आये लोगों की कांउसलिंग कर उन्हें जीवन की मुख्यधारा से जोडने के प्रयास किये जा रहे हैं।

**उद्यान**

उद्यान निदेशक दीप्ती सिंह ने आज अल्मोड़ा जिले के चौबटिया निदेशालय में बैठक की। उन्होंने उद्यान परिक्षेत्र का निरीक्षण भी किया तथा उद्यान को और अधिक विकसित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सेब, चेरी, पुलम, आडू, खुबानी, अखरोट, बादाम सहित अन्य फलों के विभिन्न ब्लॉकों का निरीक्षण किया। साथ ही पॉलीहाउस और उद्यान में लगाए गए पौधों को भी देखा। इस दौरान उद्यान अधीक्षक डॉ0 ब्रजेश कुमार गुप्ता ने उद्यान में हो रहे कार्यों व खुबानी की नई प्रजाति रूबैली और बोलेरो के बारे में निदेशक को अवगत कराया।

**पदभार**

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी मौसमी चक्रवर्ती ने आज आकाशवाणी समाचार के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। 1991 बैच की आई.आई.एस. अधिकारी, श्रीमती चक्रवर्ती के पास प्रेस सूचना ब्यूरो और केंद्रीय संचार ब्यूरो सहित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कई मीडिया संगठनों में काम करने का व्यापक अनुभव है। तीन दशकों से अधिक के अपने करियर में, उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में तथा कैबिनेट मंत्री की निजी सचिव. के रूप में भी काम किया है।

**जीएसटी संग्रह**

अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी संग्रह में अब तक का सबसे अधिक दो लाख दस हजार करोड़ रुपये का संग्रह दर्ज किया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यह वार्षिक आधार पर 12 दशमलव 4 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष अप्रैल में रिफंड के बाद शुद्ध सकल वस्तु सेवा

कर–जीएसटी राजस्व एक लाख 92 हजार करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है।

**मॉक ड्रिल**

चारधाम यात्रा की तैयारियों को परखने के लिए कल मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य आपात स्थिति में संबंधित विभागों की तैयारियों का जायजा लेना है। चारधाम यात्रा के सुगम संचालन की दृष्टि से इस मॉक ड्रिल को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उत्तराखंड के लिए चारधाम यात्रा का महत्व काफी बड़ा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा आस्था के साथ–साथ तीर्थाटन, पर्यटन और आर्थिकी का आधार भी है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बी.एस.एन.एल को यात्रा मार्ग पर उन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं, जिन स्थानों पर नेटवर्क की समस्या है।

**आस्था पथ**

बदरीनाथ धाम में भगवान बदरी विशाल के दर्शन को सुगम बनाने के लिए नया आस्था पथ बनकर तैयार हो गया है। साकेत तिराहा से नया आस्था पथ बनाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी। बदरीनाथ धाम के कपाट इस महीने की बारह तारीख को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जांएगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभाग तैयारियों में जुटे हैं। उधर, नगर पंचायत ने भी धाम में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई व्यवस्था को चाक–चौबंद करना शुरू कर दिया है। इस बीच, यात्रा मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सड़क मार्ग का सुधारीकरण और हाईवे से मलबा निस्तारण का काम जारी है। बदरीशपुरी में श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पानी, रात्रि विश्राम सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बहाल की जा रही हैं।

**हेमकुण्ड साहिब**

उधर, हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए जिला प्रशासन, भारतीय सेना और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। भारतीय सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर के जवानों ने हेमकुंड साहिब यात्रा के पैदल मार्ग पर चार किलोमीटर हिस्से से बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी है। जबकि अभी भी 2 किलोमीटर मार्ग से बर्फ हटाने का काम किया जा रहा है। कल से यात्रा मार्ग पर पैदल मार्ग के साथ ही घोड़ा–खच्चर मार्ग से भी बर्फ हटाने का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। आगामी 25 मई को हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनाथ खोले जाएंगे।

**कटौती**

तेल विपणन कंपनियों ने तत्काल प्रभाव से कामर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडरों की कीमतों में 19 रुपये प्रति यूनिट की कटौती की है। हालांकि, घरेलू उपयोग वाले एलपीजी की मौजूदा कीमतें ही रहेंगी।

**राजभवन**

देहरादून स्थित राजभवन में आज गुजरात और महाराष्ट्र राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गुजरात समाज समिति और महाराष्ट्र समाज कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान दोनों ही प्रांतों के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नाट्य एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में इन राज्यों की समृद्ध लोक संस्कृति की खूबसूरत झलक देखने को मिली। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान की इस अनूठी पहल को आज एक वर्ष पूरा

हो चुका है। इस अभियान से देश की एकता और अखंडता को बल मिला है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रांतों की भाषा, वेशभूषा, कला–संस्कृति और रीति–रिवाज का आदान–प्रदान होने से एक दूसरे को समझने का मौका मिलता है।

**तस्कर**

उत्तराखंड गो–स्क्वायड गढ़वाल परिक्षेत्र हरिद्वार के दल ने गोकशी की सूचना पर झबरेड़ा में छापेमारी कर पांच गो–तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास बड़ी मात्रा में गोमांस, गोकशी के उपकरण और छह दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। बरामद गोमांस को पुलिस ने नष्ट कर दिया है।